Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 134 रायपुर, रविवार 8 जून 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

'केन्द्र और राज्य सरकार नक्सलियों से बातचीत को तैयार, मुख्यधारा में आएं और पुनर्वास करें'

रायपुर, 8 जून (हाईवे चैनल)। अभी भी केंद्र और राज्य सरकार माओवादियों से किसी भी तरह की बातचीत करने को तैयार है. अगर नक्सली बातचीत करें, तो जरूर हो सकता है. सबसे अपील है कि मुख्य धारा में आएं. सबसे अपील है कि पुनर्वास करें. बहुत अच्छी पुनर्वास नीति के साथ विष्णु देव सरकार अमित शाह के मार्गदर्शन में काम कर रही है. यह बात उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से चर्चा में कही.

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नेशनल पार्क एरिया में बीते तीन दिनों से चल रहे एनकाउंटर को लेकर कहा कि ये बीजापुर का नेशनल पार्क एरिया है. जहां डीआरजी के

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने फिर दोहराया

जवानों के ये सर्च ऑपरेशन अनवरत जारी है. यह पांच तारीख से पहले से ही लांच हो चुका था. पांच तारीख को पहली बड़ी उपलब्धि जवानों को मिली, जब उन्होंने एक सीसी मेंबर को न्यूट्रलाइज किया गया. दूसरे दिन तेलंगाना स्पेशल जोनल कमिटी का मेंबर मार गिराया और आज पांच और डेड बॉडी वहाँ से रिकवर की गई है. ये सभी वर्दीधारी, हथियारधारी, नक्सली हैं, जिन्होंने बहुत से आतंक फैलाये हैं, बहुत से लोगों के हत्याएं की हैं.

राहुल गांधी को मिला तेजस्वी का साथ

नई दिल्ली, 8 जून (न्यूज चैनल)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों पर बिहार के नेता और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव का बयान सामने आया है। उन्होंने राहुल गांधी का साथ देते हुए कहा कि जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, सभी संवैधानिक संस्थाओं को हाईजैक कर लिया गया है। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा करने से पहले ही बीजेपी आईटी सेल को शेड्यूल पता चल जाता है। हमारी नज़र हर चीज़ पर है। संवैधानिक संस्थाओं को अपना कर्तव्य ईमानदारी से निभाना चाहिए। सभी को सतर्क रहने की ज़रूरत है।

सभी संस्थाएँ बीजेपी के प्रतिनिधि के रूप में काम करती हैं

राजद नेता ने आगे कहा कि सभी जानते हैं कि सभी संस्थाएँ बीजेपी के प्रतिनिधि के रूप में काम करती हैं। सभी लोग मिलकर काम कर रहे हैं, सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि बिहार को मजबूत करने के लिए। राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव ''लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट'' था। उन्होंने कहा कि यह ''मैच फिक्सिंग'' अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर उन जगहों पर भी ऐसा ही किया जाएगा, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हार रही होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ''मैच फिक्स'' किए गए चुनाव लोकतंत्र के लिए जहर हैं। उन्होंने कहा कि जो पक्ष धोखाधड़ी करता है, वो भले ही जीत जाए, लेकिन इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होती हैं और जनता का नतीजों से भरोसा उठ जाता है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर गांधी ने चुनाव में कथित अनियमितता के बारे में चरणबद्ध तरीके से बताया है कि कैसे मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं को जोड़ा गया, मतदान प्रतिशत बढ़ा-चढ़ा कर दिखाया गया, फर्जी मतदान कराया गया और बाद में सबूतों को छिपा दिया गया।

ब्रेकिंग न्यूज

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ आएंगे, नक्सल ऑपरेशन के जवानों से करेंगे मुलाकात

रायपुर, 8 जून (हाईवे चैनल)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जून माह के अंतिम दिनों में छत्तीसगढ़ के दौरे पर आएंगे. अपने प्रवास के दौरान अमित शाह नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों से मुलाकात करेंगे. नक्सल मोर्चे पर सुरक्षाबलों को मिली कामयाबी के बाद केंद्रीय गृहमंत्री का छत्तीसगढ़ दौरा होने जा रही है. नक्सल मोर्चे पर मिली कामयाबी के बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने अधिकारियों का दिल्ली में सम्मान किया था. अब छत्तीसगढ़ में आकर सुरक्षाबल के जवानों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाएंगे।

पंजाब में हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, 8 जून (न्यूज चैनल)। पंजाब पुलिस ने हथियार तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सीमा पार से तस्करी कर लाए गए छह विदेश निर्मित हथियारों को जब्त किया और इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अमृतसर निवासी राजन, परमजीत सिंह और दिनेश कुमार के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से बरामद हथियारों में दो ग्लॉक 19एक्स पिस्तौल, दो .30 बोर पिस्तौल, एक .30 बोर स्टार मार्क पिस्तौल और एक बेरेटा .30 बोर पिस्तौल शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि ये आरोपी श्री गोइंदवाल साहिब केंद्रीय जेल में कैद कुख्यात अपराधी जुगराज सिंह के निर्देश पर काम कर रहे थे। यह गिरोह वह अपने वकील के मुंशी राजन के जरिये चला रहा था। डीजीपी यादव के अनुसार, जुगराज सिंह के खिलाफ आपराधिक और मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित कई मामले दर्ज हैं और वह जेल में रहते हुए भी पाकिस्तानी मादक पदार्थ तस्करों के संपर्क में है। उन्होंने बताया कि ये हथियार सीमा पार से तस्करी कर पंजाब के आपराधिक तत्वों को पहुंचाने के लिए लाए गए थे। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

दिल्ली में सूटकेस में खून से लथपथ मिली लड़की, भड़की आतिशी

नई दिल्ली, 8 जून (न्यूज चैनल)। दिल्ली में नौ साल की बच्ची का खून से लथपथ शव सूटकेस में मिलने के बाद मामला गर्माता जा रहा है। जहां एक ओर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर इस मामले में राजनीति भी तेज हो गई है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता आतिशी ने मामले को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि दिल्ली की बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था के लिए कौन जिम्मेदार है? आतिशी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा है कि दिल्ली में 9 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म और मर्डर के लिए कौन जिम्मेदार है? बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था के लिए कौन जिम्मेदार है? भाजपा की 4 इंजन की सरकार है, फिर भी हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं? कहां हैं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी? कहां हैं देश के गृह मंत्री अमित शाह जी? उत्तर-पूर्वी दिल्ली में एक नाबालिग लड़की का खून से लथपथ सूटकेस में शव मिला है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को पूर्वोत्तर दिल्ली के नेहरू विहार में एक नाबालिग लड़की की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

मणिपुर में फिर तनाव क्यों, पांच जिलों में निषेधाज्ञा और इंटरनेट बंद

नई दिल्ली, 8 जून (न्यूज चैनल)। मणिपुर में एक बार फिर हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। इंफाल में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। बस में आग लगा दी गई और जगह-जगह लोग सुरक्षा बलों से भिड़ गए। इसके बाद प्रशासन ने पांच जिलों में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई और इंटरनेट को बैन कर दिया गया। मई 2023 से हिंसा की आग में झुलस रहे मणिपुर में बीते कुछ दिनों से शांति थी, लेकिन अब फिर से हालात बिगड़ गए हैं। आइए जानते हैं ऐसा क्यों हुआ और प्रशासन ने क्या कदम उठाए?

मणिपुर में फिर से तनाव भड़कने की वजह मैतेई संगठन अरामबाई तेंगगोल के नेता कनन सिंह की गिरफ्तारी को माना जा रहा है। पीटीआई के मुताबिक संगठन के नेता की गिरफ्तारी के बाद लोग सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने क्वाकेथेल और उरीपोक में सड़कों पर टायर और पुराने फर्नीचर जलाए। उन्होंने मैतेई नेता की रिहाई की मांग की। शनिवार रात को भी इंफाल में अलग-अलग जगहों पर सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़प हुई। भीड़ ने खुरई लामलोंग में एक बस को भी आग के हवाले कर दिया।

मुख्यमंत्री साय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम से की भेंट आरएसएस मुख्यालय में संबोधन को बताया गौरव की बात

रायपुर, 8 जून (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज समाजसेवी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम से सौजन्य मुलाकात की। नेताम को हाल ही में संघ मुख्यालय के प्रतिष्ठित आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था, जिसे मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लिए गौरव की बात बताया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ऐसे आयोजन समाजों को और अधिक नजदीक लाने में सहायक होते हैं और जन-जागरूकता के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि नेताम ने अपने उद्बोधन में मतांतरण, विकास, पर्यावरण आदि जैसे जन सरोकारों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विमर्श किया, जो समाज के लिए अत्यंत लाभकारी है। इस अवसर पर डॉ. प्रीति नेताम एवं समाज के युवा नेता विनोद नागवंशी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय एवं मंत्रिमंडल का चिंतन शिविर 2.0 शुरू

रायपुर, 8 जून (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों का दो दिवसीय चिंतन शिविर 2.0 आज आईआईएम रायपुर में प्रारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर (आईआईएम) के सहयोग से दो दिवसीय चिंतन शिविर 2.0 का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात आज 'परिवर्तनकारी नेतृत्व और दूरदर्शी शासन', संस्कृति, सुशासन और राष्ट्र निर्माण तथा सक्षमता से सततता तक- विकास के लिए सार्वजनिक वित्त पर पुनर्विचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र का आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय शिविर के दौरान भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्रबुद्धे, प्रो. हिमांशु राय (डायरेक्टर आईआईएम इंदौर), डॉ. रविंद्र ढोलकिया (आईआईएम अहमदाबाद), संजीव सान्याल (प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद सदस्य), पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक उदय माहुरकर, ग्लोबल डिजिटल स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र प्रताप गुप्ता जैसे ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे।

आईआईएम रायपुर में दो दिवसीय शिविर का आयोजन

दुर्ग जिले के अवैध गुटखा फैक्ट्री में छापा, करोड़ों का माल जब्त

दुर्ग, 8 जून (हाईवे चैनल)। बिना लाइसेंस संचालित गुटखा फैक्ट्री में छापामार कार्रवाई कर जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने डेढ़ करोड़ से अधिक का माल जब्त किया है। खाद्य एवं औषधि विभाग के अनुसार उन्हें जानकारी मिली थी कि दुर्ग जिले के ग्राम कोनारी में कोमल फूड प्रोडक्ट फैक्ट्री में बिना लाइसेंस के गुटखा तैयार किया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार अधिकारियों ने इसकी जानकारी दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह को दी। कलेक्टर के निर्देश पर उन्होंने एक टीम गठित की। इसके बाद ग्राम कोनारी स्थित कोमल फूड प्रोडक्ट नाम की फैक्ट्री में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम छापा मारने पहुंची। जब फैक्ट्री के अंदर की जांच की गई तो उसके अंदर कच्ची खड़ी सुपारी और कच्ची कटी सुपारी जब्त की गई। खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों ने फैक्ट्री के अंदर से सुपारी का सैंपल कलेक्ट किया। इसके बाद उस सैंपल को जांच के लिए रायपुर स्थित लैब भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करेंगे। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रिचा शर्मा के साथ जिले के अन्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारद खोमरे, खीरसागर पटेल, लैब टेक्नीशियन प्रकाश परमार, सैंपल सहायक कामिनी महेश्वरी शामिल थे। फैक्ट्री को सील करने के बाद खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी ६ जून को फिर से कोमल फूड प्रोडक्ट फैक्ट्री पहुंचे। वहां उन्होंने फैक्ट्री संचालक को तलब किया। फैक्ट्री संचालक के खिलाफ फैक्ट्री को खुलवाया गया।

आतंकवाद के मुद्दे पर यूरोप भारत के साथ खड़ा है : रविशंकर प्रसाद

नई दिल्ली, 8 जून (न्यूज चैनल)। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल छह यूरोपीय देशों के राजनयिक दौरे के बाद रविवार को दिल्ली लौटा, इस दौरान सांसदों ने आतंकवाद पर भारत की स्थिति को मजबूती से व्यक्त किया और पहलगाम आतंकी हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की प्रतिक्रिया के बारे में अपने समकक्षों को जानकारी दी।

राजनयिक दौरे के बाद स्वदेश लौटे

राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने पर पत्रकारों से बात करते हुए प्रसाद ने कहा- भारत वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारे प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, ब्रुसेल्स और जर्मनी का दौरा किया। हमने संसद के वरिष्ठ नेताओं, थिंक-टैंक और भारतीय समुदाय से मुलाकात की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर विदेशी देशों में काफी गुस्सा है और सभी देशों ने इसकी निंदा की है। हम यूरोपीय संसद भी गए। भारतीय समुदाय हमसे मिलने के लिए बहुत उत्साहित था। भारत और यूरोप के बीच एक नया रिश्ता स्थापित होने जा रहा है। यह एक बहुत ही संतोषजनक यात्रा थी। बर्लिन में प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री जोहान वेडफुल और बुंडेस्टैग के उपाध्यक्ष ओमिद नूरीपुर सहित जर्मनी के शीर्ष सरकारी और संसदीय नेताओं से मुलाकात की। सांसदों ने आतंकवाद पर भारत की शून्य-सहिष्णुता नीति और सीमा पार हमलों के प्रति इसके सैद्धांतिक दृष्टिकोण को दोहराया। उन्होंने पहलगाम की घटना के जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की गैर-उग्र, सटीक और जिम्मेदार प्रकृति पर जोर दिया।

जिला अस्पताल में रोजाना उमड़ रही मरीजों की भीड़, लेकिन खल रही डॉक्टरों की कमी

धमतरी, 8 जून (हाईवे चैनल)। जिला अस्पताल धमतरी में रोजाना सैकड़ो मरीजों की ओपीडी होती है धमतरी सहित अन्य कई जिलों के मरीज बेहतर उपचार की उम्मीद में अस्पताल पहुंचते है लेकिन डाक्टरों की कमी के चलते मरीजों की उम्मीदों पर पानी फिर रहा है।

बता दे कि जिला अस्पताल में धमतरी जिले के अतिरिक्त बालोद, दुर्ग, कांकेर, व बस्तर तक के मरीज उपचार हेतु पहुंचते है। अस्पताल की ओपीडी रोजाना 500 से अधिक होती है। लेकिन डाक्टरों की कमी से बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें बुरी तरह प्रभावित हो रही है। मिल रही जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में सर्जिकल विशेषज्ञ के 2 स्त्री रोग विशेषज्ञ के 1, निश्चेतना विशेषज्ञ के 1, पैथलॉजिस्ट के 2, नाक काम गला रोग विशेषज्ञ के 2 पद रिक्त है। इसके अतिरिक्त 3 चिकित्साधिकारियों के पद रिक्त है। वहीं अस्पताल के सीनियर डाक्टर संजय वानखेड़े (एमडी मेडीसीन) भी रिटायर होने वाले है ऐसे में स्वास्थ्य सुविधा और भी ज्यादा प्रभावित हो सकता है।

धमतरी सहित आसपास के कई जिलों व बस्तर तक के मरीज पहुंचते है जिला अस्पताल

मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री के साथ ही विस में उठा मुद्दा फिर भी दूर नहीं हुई समस्या - ज्ञात हो कि जिला अस्पताल में डाक्टरों की कमी को दूर करने नागरिकों, नेताओं, संस्थाओं द्वारा भी मांग की जा चुकी है। उक्त समस्या मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के समक्ष भी रखी गई है। हर बार आश्वासन ही मिला विधायक ओंकार साहू ने डाक्टरों की कमी का मुद्दा विधानसभा में भी उठाया है। लेकिन विडम्बना है कि अब तक डाक्टरों की कमी दूर नहीं हो पाई। उल्टे डाक्टरों के इस्तीफे के कारण डाक्टरों की संख्या जिला अस्पताल में घटती जा रही है।

चिकित्साधिकारी सहित विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी से बेहतर उपचार सुविधा हो रही प्रभावित

रिफर सेंटर बन रहा जिला अस्पताल, सोनोग्राफी में भी वेटिंग पड़ रहा भारी - जिला अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार पिछले कुछ सालों में हुआ है लेकिन डाक्टरों की कमी सुविधाओं पर भारी पड़ रहा है। मरीजों की बढ़ती संख्या और डाक्टरों की कमी के कारण जिला अस्पताल पिछले कुछ समय से रिफर सेंटर बन रहा है। विशेषकर गर्भवती मरीजों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को रिफर करना आम बात हो चुकी है। जिला अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा गरीब व मध्यम तबके के लोगों के लिए राहत है, लेकिन अव्यवस्था राहत को मुसीबत बना रही है। यहां मरीजों की संख्या ज्यादा होने से मरीजों की वेटिंग रहती है। इससे ईलाज भी प्रभावित होता है।